भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द, लखनऊ - 226002

''फल वृक्षों की नर्सरी: किसानों की आय में वृद्धि'' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण"

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ में आज दिनांक **15** सितम्बर, **2023** को किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का अयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में लखनऊ जिले के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने भाग लिया। डा अर्जुन सिंह, वैज्ञानिक ने पौध तैयार करने में कार्बनिक खादो की महत्ता पर किसानों को जानकारी दी। फल-वृक्षों की पौध को कीड़ो और बीमारियों से सुरक्षा पर डा. पंकज नौटियाल, प्रभारी-कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई ने विस्तार से बताया। केन्द्र के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार दुबे ने फल-वृक्षों जैसे आम, अमरूद, पपीता, नीबू, किन्नो आदि की पौध तैयार करने की विभिन्न विधियों की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरान्त किसानों को स्वयं आम की नर्सरी तैयार करना सिखाया गया। इस अवसर पर किसानों को आम के पौधें भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डा. छेदी लाल वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं धन्यवाद कार्यक्रम के समन्वय डा आर. एच. रिज़वी, प्रधान वैज्ञानिक ने दिया।